# कार्यालय – प्राचार्य, राजीव गाँधी नवोदय विद्यालय गैरसैंण (चमोली)

पी0जी0टी0 एवं टी0जी0टी0 शैक्षिक सत्र 2026–27

अधोलिखित पी0जी0टी0 एवं टी0जी0टी0 के पदों पर योग्यतानुसार नितांत अस्थाई व्यवस्था के अन्तर्गत, अनुबन्ध के आधार पर शैक्षिक सत्र 2026–27 के अन्तिम कार्य दिवस अथवा स्थाई/नियमित व्यवस्था होने तक जो भी पहले घटित हो, इस संस्था में रिक्त पदों के सापेक्ष शिक्षकों की व्यवस्था की जानी है।

| क्र0 स0 | विषय | पद | पद संख्या | शैक्षिक योग्यता | आयु |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | भौतिक विज्ञान | पी0जी0टी. | 01 | (1) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से भौतिक विज्ञान में 50प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर उपाधि ।<br>(2) किसी राजकीय या सरकार से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान/महाविद्यालय से एल0टी0 डिप्लोमा या भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र में स्नातक उपाधि (बी0एड0) | 21 वर्ष से 42 वर्ष |
| 02 | सामाजिक विज्ञान | टी0जी0टी. | 01 | (1) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से भूगोल, अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र एवं इतिहास विषयों में से किन्ही दो विषयों के साथ स्नातक उपाधि परन्तु उक्त दो विषयों में से एक विषय तृतीय वर्ष तक तथा शेष एक द्वितीय वर्ष तक अनिवार्यतः रहा हो।<br>(2) किसी राजकीय या सरकार से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान/महाविद्यालय से एल0टी0 डिप्लोमा या विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय से बी0एड0 की उपाधि एवं सी0टी0ई0टी0 द्वितीय/यू0टी0ई0टी0 द्वितीय अनिवार्य रूप से होना आवश्यक है।<br>**अथवा**<br>(1) एन0सी0ई0आर0टी0 के क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान से चार वर्षीय इन्टीग्रेटेड कोर्स (B.A. Ed) भूगोल, अर्थशास्त्र, नागरिकशास्त्र एवं इतिहास विषयों में से किन्हीं दो विषयों के साथ उत्तीर्ण हो। एवं सी0टी0ई0टी0 द्वितीय/यू0टी0ई0टी0 द्वितीय अनिवार्य रूप से होना आवश्यक है। | 21 वर्ष से 42 वर्ष |
| 03 | विज्ञान | टी0जी0टी. | 01 | (1) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से (एक) रसायन विज्ञान (दो) जन्तु विज्ञान एवं (तीन) वनस्पति विज्ञान विषयों के साथ विज्ञान स्नातक की उपाधि,<br>(2) किसी राजकीय या सरकार से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान/महाविद्यालय से एल0टी0 डिप्लोमा या विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय से बी0एड0 की उपाधि। एवं सी0टी0ई0टी0 द्वितीय/यू0टी0ई0टी0 द्वितीय अनिवार्य रूप से होना आवश्यक है।<br>**अथवा**<br>(1) एन0सी0ई0आर0टी0 के क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान से चार वर्षीय इन्टीग्रेटेड कोर्स (B.Sc. Ed) (एक) रसायन विज्ञान (दो) जन्तु विज्ञान एवं (तीन) वनस्पति विज्ञान विषयों के साथ उत्तीर्ण की हो। एवं सी0टी0ई0टी0 द्वितीय/यू0टी0ई0टी0 द्वितीय अनिवार्य रूप से होना आवश्यक है। | 21 वर्ष से 42 वर्ष |

नोट – अंग्रेजी प्रवीणता परीक्षा/साक्षात्कार की तिथि अभ्यर्थियों को दूरभाष /मोबाईल एवं व्हाटसएप्प के माध्यम से अवगत कराया जायेगा। अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने पर अंग्रेजी प्रविणता परीक्षा का समय बढ़ाया जा सकता है।

1. आवासीय विद्यालय के परिप्रेक्ष्य में रात्रि कालीन सेवा अनिवार्य।
2. चयन हेतु अंग्रेजी प्रवीणता परीक्षा/साक्षात्कार एवं शैक्षिक योग्यता के गुणांको को जोड़कर श्रेष्ठता सूची तैयार की जायेगी।
3. सी0बी0एस0ई0 पाठ्यक्रम के अंग्रेजी माध्यम से अध्यापन कार्य में सक्षम हो।
4. कम्प्यूटर का सार्थक ज्ञान अनिवार्य है।
5. चयन होने की दशा में प्राचार्य के सम्मुख आवासीय विद्यालय के अनुरूप कार्य करने की सहमति विषयक अनुबन्ध पत्र देना अनिवार्य होगा।
6. अंग्रेजी प्रवीणता परीक्षा/साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थी अपने साथ समस्त प्रशिक्षण/ शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्र/अंक पत्र व एक नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ भी अवलोकनार्थ लायेंगे।
7. अभ्यर्थी को अंग्रेजी प्रवीणता परीक्षा/साक्षात्कार हेतु कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

प्राचार्य

प्राचार्य
राजीव गाधी नवोदय विद्यालय
गैरसैंण (चमोली)

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय – प्राचार्य, राजीव गाँधी नवोदय विद्यालय गैरसैंण (चमोली)

पत्रांक – 110 / मानेदय शि0व्यवस्था / रा0गां0न0वि0 / 2026–27 दिनांक 05 / 08 / 2026

विज्ञप्ति

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड देहरादून पत्रांकः सेवा.अराज / 3(घ)10(1)2024 / 3902–05 / 2026–27 दिनांक 04 अगस्त, 2026 के अनुपालन में राजीव गांधी नवोदय विद्यालय गैरसैंण (चमोली) में पी0जी0टी0 (नियत मानदेय रू0 30000 / – तीस हजार रू0 प्रतिमाह) भौतिक विज्ञान, टी0जी0टी0 (नियत मानदेय रू0 27000 / – सत्ताइस हजार रू0 प्रतिमाह) विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान के पद पर नितान्त अस्थायी व्यवस्था के अन्तर्गत चमोली जनपद के स्थायी निवासी पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र 20 अगस्त, 2026 को सांय 05:00 बजे तक पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट से कार्यालय – राजीव गांधी नवोदय विद्यालय गैरसैंण के पते पर अनिवार्यतः प्राप्त हो जाना चाहिए। अपूर्ण / विलम्ब से प्राप्त आवेदनों को निरस्त कर दिया जायेगा। आवेदन पत्र तथा निर्धारित शर्तें chamoli.nic.in वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है। विस्तृत विवरण हेतु विद्यालय कार्यालय अथवा व्हाट्सएप्प नम्बर 9760210295 एवं 9690766146 पर कार्यालय दिवस को प्रातः 10:00 बजे से सांय 02:00 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है।

05/08/25

प्राचार्य
राजीव गांधी नवोदय विद्यालय,
गैरसैंण (चमोली)

Scanned with OKEN Scanner